सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-181

13/04/2018

मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के केन्द्रीय/मंडल/उप काराओं में महिला कक्षपालों के लिए शौचालय सह स्नानागार के निर्माण से संबंधित दी गयी प्रस्तुतिकरण

पटना, 13 अप्रैल 2018 :– एक अण्णे मार्ग स्थित ''विमर्श'' में आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष राज्य के केन्द्रीय/मंडल/उप काराओं में महिला कक्षपालों के लिए शौचालय सह स्नानागार के निर्माण से संबंधित प्रस्तुतीकरण महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवायें श्री आनंद किशोर के द्वारा किया गया।

प्रस्तुतिकरण के क्रम में शौचालय–सह–स्नानागार निर्माण हेतु चार मॉडल पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि महिलाओं की संख्या को देखते हुये शौचालय–सह–स्नानागार की संख्या का सही आकलन किया जाय। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शौचालय–सह–स्नानागार का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो। शौचालय बनाने के क्रम में यह ध्यान देने की जरुरत है कि शौचालय देशी एवं विदेशी दोनों शैली की बननी चाहिए, ताकि अपनी सुविधानुसार लोग उसका उपयोग कर सकें।

इस मौके पर प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवायें श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******